<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**03 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों की क्षमता विकास के लिए साधना सप्ताह 2026 का किया शुभारंभ। कहा–सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवदेनशील और नागरिक केन्द्रित बनाना सरकार का उद्देश्य।
- इस वर्ष पुलिस में इकयासी हजार से अधिक पदों पर भर्ती करेगी प्रदेश सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती बोर्ड को पारदर्शिता और निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुसार भर्तियां करने का दिया निर्देश।
- आकाशवाणी लखनऊ के नवासी वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा–विश्वसनीय समाचारों के साथ कला को दर्शाने का संगम है आकाशवाणी।
- केन्द्र सरकार का निर्णय–महत्वपूर्ण पेट्रो केमिकल उत्पादों पर तीस जून तक नही लगेगा सीमा शुल्क।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है, जो न केवल कुशल हो, बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए कल एक वीडियो संदेश में यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है।

***गवर्नेंस के जिस सिद्धांत को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उसका मूल मंत्र है, नागरिक देवो भवः। इस मंत्र में समाहित भावना के साथ आज पब्लिक सर्विस को ज्यादा कैपेबल नागरिकों के लिए ज्यादा सेंसिटिव बनाने पर फोकस किया जा रहा है। अब शासन को सिटिजन सेंट्रिकबनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार स्पष्ट नीति और साफ नीयत के साथ मिशन कर्मयोगी के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार कैपेसिटी बिल्डिंग को निरंतर सुदृढ़ कर रही है।

***राज्य सरकार सुशासन की प्राथमिकताओं में कैपेसिटी बिल्डिंग को केंद्र में रखते हुए इसे निरंतर सुदृढ़ कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा आयोजित साधना सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नेतृत्व में सभी विभागों एवं जनपदों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम लखनऊ में पुलिस विभाग और उससे संबंधित विभिन्न इकाइयों की कार्ययोजना की समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बड़ी संख्या में पुलिस विभाग में भर्ती की जाएगी। एक रिपोर्ट–

**समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पुलिस में इकयासी हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। ये भर्तियां उपनिरीक्षक, आरक्षी नागरिक पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ऐ और पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय सहित विभिन्न श्रेणियों में की जाएंगी। श्री योगी ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए की सभी सीधी भर्तियां पारदर्शिता और निर्धारित आरक्षण प्रावधानो के अनुसार करायी जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस रिसपॉन्स व्हीकल की रणनीतिक लोकेशन तय करने और इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में लगभग छह मिनट के औसत रिसपॉन्स टाईम को और कम करने के लिए तकनीक, डाटा आधारित पेट्रोलिंग और फिल्ड समन्वय को बेहतर करने के साथ ही जन भवन, मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर लंबे समय से तैनात पुलिस कर्मियों का स्थानान्तरण करने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

आकाशवाणी लखनऊ केंद्र के 'नवासी वें स्थापना दिवस समारोह' के अवसर पर कल आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी लखनऊ की गौरवशाली यात्रा भारतीय सांस्कृतिक चेतना, लोक परंपरा और साहित्यिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन की एक स्वर्णिम गाथा रही है।

***मैं इस अवसर पर पंडित गोविंद वल्लभ पंथ जी की स्मृतियों को भी नमन करता हूं कि जिन्होंने 2 अप्रैल 1938 को इस केंद्र का शुभारंभ किया। मुझे लगता है जहां पहले कोई नहीं पहुंच पाता था, वहां आकाशवाणी जरूर पहुंच जाती थी। गांव हो या शहर और यह आजादी के पहले की यात्रा है। 1938 तभी देश आजाद नहीं हुआ था। पहली धुन वंदे मातरम की आकाशवाणी लखनऊ से।***

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी पर किए जाने वाले कार्यक्रम मन की बात को जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम बताया।

श्री योगी ने कहा कि आकाशवाणी विश्वसनीय समाचारों के साथ विभिन्न भाषाओं और लोक कलाकारों की कला को दर्शाने का एक बेहतरीन माध्यम रहा है।

***कैसे समाज को जोड़ने का माध्यम आकाशवाणी बना था, कैसे भारत की आस्था को सम्मान देने का माध्यम बना था, यह हम लोगों ने बचपन में देखा, सुना, थोड़ा बड़े हुए तो देश और दुनिया के अंदर क्या हो रहा है, हमें समाचार पत्र की पहली लाइन भी आकाशवाणी के अलग–अलग समय में चलने वाली बुलेटिन के माध्यम से ही प्राप्त होती थी और उसमें भाषा की शुद्धता भी थी और समाचार की गुणवत्ता भी थी और उसमें सच्चाई भी झलकती थी।***

इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ विद्या बिंदु और प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद सहित दस पद्म पुरस्कार से अलंकृत विभूतियों के साथ ही आकाशवाणी लखनऊ से जुड़े वरिष्ठ समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित और नवनीत मिश्र के साथ दस अन्य उद्घोषकों को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी ने देश के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संस्थान की आधुनिक तकनीकी प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

***एक ऐसे संस्थान के 88 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव हम मना रहे हैं, जिसने इस देश के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के पूर्व से लेकर आजादी के बाद के वर्षों में भी इस केंद्र ने उत्तर प्रदेश के कोने–कोने से कलाकारों और वार्ताकारों को मंच प्रदान किया, जहां आकर वे अपनी प्रस्तुतियां देते रहे।***

कार्यक्रम में आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने आश्वस्त किया कि आकाशवाणी अपनी विश्वसनीयता को बरकरार रखते हुए निरंतर नई तकनीक को अपनाकर लोक प्रसारक के तौर पर अपनी भूमिका को और मज़बूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी का स्थापना दिवस पुरानी यात्रा के उत्सव को मनाने का अवसर है। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर तीस जून तक सीमा शुल्क में पूर्ण छूट देने का निर्णय किया है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर कल अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य संजय मंगल ने कहा कि यह निर्णय घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल इनपुट की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और देश में आपूर्ति स्थिरता बनाए रखने के लिए एक अस्थायी और लक्षित राहत के तौर पर लिया गया है।

**इस छूट से पेट्रोकेमिकल, कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों पर निर्भर कई क्षेत्रों को लाभ होगा, जिनमें प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, ऑटोमोटिव घटक और अन्य विनिर्माण क्षेत्र शामिल हैं। इससे इन उद्योगों के अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

**हमारी रिफाइनरीज् मैक्सिमम कैपासिटी ऑपरेट कर रही हैं। इसलिए सल्फर की कोई सॉर्टेज नहीं है। हमारे रिटेल आउटलेट्स नार्मल ऑपरेट कर रहे हैं। इंटरनेशनल वॉल्टीलिटी के बावजूद भी पम्प के प्राइजेज में कोई इंक्रीज नहीं किया गया है । भारत सरकार ने प्राइजेज को स्टेबल रखने के लिए एक्साइज ड्यूटी में रिडेक्शन किया है, और कुछ भार हमारी ऑयल मॉर्केटिंग कंपनी भी उठा रही हैं।**

**********

प्रदेश भर में कल हनुमान जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गयी। मंदिरों में रामचरितमानस के पाठ हुए और जगह–जगह भंडारों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के परकोटे में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया।

**********